प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 29.07.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोक परीक्षा अनुचित साधन रोकथाम संशोधन विधेयक 2026 लोकसभा में पारित : केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा– विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिये सरकार की प्रतिबद्धता का समर्थन करता है नया विधेयक।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत रविदास की 650वीं जयंती पर वाराणसी से भाजपा के राष्ट्रव्यापी समरसता संकल्प अभियान का किया शुभारंभ : भदोही का नाम संत रविदास नगर करने की घोषणा।
3. कल से शुरू हो रहे श्रावण माह और कांवड़ यात्रा को लेकर प्रदेशभर में किये गये व्यापक प्रबंध : कई जिलों में ट्रैफिक डायवर्जन लागू, रेलवे चलायेगा स्पेशल ट्रेनें।

और

4. ग्लासगो में चल रहे राष्ट्रमंडल खेल में उत्तर प्रदेश के गुलवीर सिंह ने पुरूषों की 10 हजार मीटर दौड़ में रजत पदक जीत कर रचा इतिहास।

———————

लोकसभा ने आज लोक परीक्षा– अनुचित साधन रोकथाम संशोधन विधेयक, 2026 पारित कर दिया। इस विधेयक से लोक परीक्षा– अनुचित साधन रोकथाम अधिनियम, 2024 में संशोधन किया गया है। इस विधेयक में

दस वर्ष तक के कारावास, दस करोड़ रुपये तक का जुर्माना और दोषी अपराधियों की संपत्ति जब्त करने जैसे कड़े दंड के प्रावधान शामिल हैं। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए केन्द्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि विधेयक में संशोधन, कानून को और अधिक सख्त बनाने तथा त्वरित न्याय दिलाने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि नया विधेयक विद्यार्थियों और युवाओं के कल्याण की रक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। डॉ. सिंह ने कहा कि विभिन्न दलों द्वारा शासित राज्यों में पेपर लीक होने की घटनाएं हुई हैं। बाइट.....

*एग्जामिनेशन को लेकर के तरह–तरह की वारदातें होती रही। पेपर लीक भी होता रहा। यह केवल किसी एक प्रदेश या एक प्रांत तक सीमित नहीं रहा। ऐसा पहले भी होता था। अलग–अलग पार्टियों की सरकारें रही, अलग–अलग प्रदेश रहे। सूची लंबी है। 2019 में रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड का एग्जामिनेशन वह भी इन्हीं कारणों से लेकिन उस समय उस तरह की कार्रवाई नहीं की गई जिस तरह की अब प्रस्तावित की जा रही है।*

उधर राज्यसभा ने भी राष्ट्रीय सम्मान की रक्षा के लिए राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित कर दिया है। यह विधेयक राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 में संशोधन करेगा। प्रस्तावित विधेयक वंदे मातरम को राष्ट्रीय गान जन गण मन के समान वैधानिक संरक्षण प्रदान करेगा।

————————

संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज के 650वें जयंती वर्ष के अवसर पर संत रविदास की जन्मस्थली, सीर गोवर्धनपुर वाराणसी से भाजपा द्वारा आज राष्ट्रव्यापी श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान शुरू किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी मौजूद थे। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक संत रविदास के आदर्शों को अपनाकर विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे। बाइट.....

*इस सामाजिक समरसता अभियान को गांव–गांव और घर–घर तक पहुंचाने के प्रधानमंत्री आदरणीय श्री मोदी जी के संकल्पों को लेकर के चल रही है। हर सच्चे भारतीय का दायित्व बनता है जो सतगुरु रविदास जी महाराज ने आज से 650 वर्ष पहले जो संदेश हम सबको दिया उसको जमीनी धरातल पर उतार करके कर्म की साधना के माध्यम से हम विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें।*

इस दौरान मुख्यमंत्री ने भदोही का नाम संत रविदास नगर किये जाने की घोषणा की।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने गुरु रविदास की जन्मस्थली पहुंचकर मत्था टेका। इस अभियान के तहत संत रविदास जी की पावन जन्मभूमि की मिट्टी 131 कलशों में भरकर उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों, संगठनात्मक जिलों, मंडलों, गांवों और बस्तियों तक रवाना की जाएगी।

इस आयोजन के तहत विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला 20 फरवरी 2027 माघी पूर्णिमा को संत रविदास जयंती तक चलेगी।

——————————

प्रदेशभर में आज गुरु पूर्णिमा का पर्व आस्था के साथ मनाया जा रहा है। वाराणसी, गोरखपुर, चित्रकूट, अयोध्या समेत प्रदेश की प्रमुख धार्मिक नगरियों में गंगा सहित अन्य पवित्र नदियों में श्रद्धालु स्नान और पूजन कर रहे हैं। कई जगहों पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में स्नान किया। सारनाथ के केंद्रीय उच्च तिब्बतो अध्ययन संस्थान परिसर में आयोजित आषाढ़ पूर्णिमा समारोह में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि डबल इंजन सरकार भगवान बुद्ध से जुड़े तीर्थ और विरासत स्थलों के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। बाइट.....

*देश और प्रदेश की सरकार मिलकर के जो भगवान बुद्ध से जुड़े हुए जो तीर्थ स्थल हैं, आस्था के केंद्र हैं, उनका सर्वांगीण विकास करने का प्रयास किया गया है और कनेक्टिविटी की दृष्टि से हवाई मार्ग हो, चाहे रेल मार्ग हो, चाहे सड़क मार्ग हो, वह भी उपलब्ध कराने का काम किया गया है।*

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज लखनऊ स्थित केंद्रीय कमान के कमांड अस्पताल में डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री मेडिसिन का वर्चुअलो उद्घाटन किया। विशेष रूप से सैन्य चिकित्सा पर केंद्रित यह देश का पहला समर्पित शैक्षणिक और परिचालन विभाग है। रक्षामंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आर्थिक और सामाजिक विकास राष्ट्र निर्माण के आवश्यक पहलू हैं, लेकिन किसी भी राष्ट्र की संप्रभुता और प्रगति का मूल आधार उसकी सेना की शक्ति और मनोबल में निहित है। बाइट.....

*किसी भी राष्ट्र की संप्रभुता और उसकी प्रगति का मूल आधार उसकी सैन्य शक्ति और उस सैन्य शक्ति का मनोबल हुआ करता है और मनोबल का सबसे बड़ा संरक्षक यदि कुछ है तो यह विश्वास है कि जब मैं मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर रहा हूं तो मेरे पीछे एक ऐसा सिस्टम खड़ा हो जो हर आपात स्थिति में मुझे संभालेगा।*

————————

कल से शुरु हो रहे श्रावण मास और कांवड़ यात्रा को लेकर प्रदेश भर में व्यापक प्रबंध किए गए हैं। कई जिलों

में ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया गया है। लखनऊ में डीसीपी ट्रैफिक रवीना त्यागी ने बताया कि एक माह के लिये यह व्यवस्था की गई है। कांवड़ यात्रा को लेकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में यात्रियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए एनसीआरटीसी ने नमो भारत ट्रेनों के फेरे बढ़ाने का निर्णय लिया है। देवघर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे प्रशासन ने गोरखपुर से दो श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की है। अयोध्या में प्रशासनिक अधिकारियों ने राम की पैड़ी और नया घाट क्षत्र का निरीक्षण किया। वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ धाम के मंदिर ट्रस्ट के सीईओ विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्थाएँ की गई हैं। बाइट.....

*जो हमारा एक मानक संचालन प्रक्रिया हमारी तैयार की गई है उसी के अंतर्गत सारी व्यवस्था जिग जैग की छाया की ग्लूकोज वाटर की ओआरएस वितरण की इत्यादि व्यवस्थाएं की गई है। श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा प्रातः काल किया जाता है श्रावण सोमवार के दिन और प्रथम दिवस पर इसकी व्यवस्था भी रहेगी और इसके अंतर्गत जो हमारे श्रद्धालुओं की सुरक्षा सबसे पहले महत्वपूर्ण है इस नाते सभी प्रकार के विशेष अनुरोध प्रोटोकॉल दर्शन जो काशी द्वार अलग से संचालित किया गया है वह सोमवार के दिन और प्रथम सप्ताह में शेष दिनों में भी भीड़ के अनुसार अभी तो प्रतिबंधित किया गया है।*

———————

ग्लासगो में चल रहे राष्ट्रमंडल खेल 2026 में गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में रजत पदक

जीतकर इतिहास रच दिया है। वह स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए हैं। श्री सिंह ऑस्ट्रेलिया के काई रॉबिन्सन के बाद दूसरे स्थान पर रहे। गुलवीर की सफलता पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बधाई दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी शानदार प्रदर्शन पर उनको बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सपूत और नायब सूबेदार गुलवीर सिंह की यह ऐतिहासिक उपलब्धि अथक परिश्रम, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है।

———————

प्रदेश के कई जिलों में रुक–रुक कर बारिश जारी है। लगातार बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियों के जलस्तर में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। लखीमपुर खीरी में शारदा और बाराबंकी और अयोध्या में घाघरा खतरे के निशान के करीब बह रही है। वहीं बदायूं में गंगा के जलस्तर में वृद्धि देखी जा रही है। मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में कल भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है

(समाप्त)